# "प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस"

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बुजुर्ग, सागर

Off. 07582-262900, Email: makroniyacollege@gmail.com, hegcmaksag@mp.gov.in


क्रमांक/ ...734 /2025

मकरोनिया, दिनांक: 06/08/2025

## सूचना

महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि हार्टफुलनेस ट्रस्ट, श्रीरामचन्द्र मिशन एवं संयुक्त राष्ट्र जनसूचना केन्द्र भारत एवं भूटान के सहयोग से अखिल भारतीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा जिसके विषय निम्नलिखित हैं -

1. व्यक्तिगत विकास दूसरों की सहायता के बिना संभव नहीं है। (आयु 14 – 18 वर्ष शब्द सीमा 500)
2. प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहना मानव विकास के लिए पूर्व अपेक्षित है।
   (आयु 19 – 25 वर्ष, शब्द सीमा 750)

जिसमें संलग्न दिशा निर्देशों का पालन करते हुए लिंक https://heartfulness.org/education/essay-event/app/participant/register या दिये क्यू आर कोड स्केन कर अपना निबंध जमा करे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु विद्यार्थी डॉ. ऋतु विश्वकर्मा मेडम को कक्ष क्रमांक 44 में अपने नाम देवें।

(डॉ. ऋतु विश्वकर्मा)
प्रभारी

(डॉ. ए.सी. जैन)
प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया

प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया
सागर (म.प्र.)

पृ. क्रमांक/ 734/1 /2025

मकरोनिया, दिनांक: 06/08/2025

प्रतिलिपि :-

1. आई. क्यू. ए. सी. प्रभारी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बुजुर्ग, सागर (म.प्र.)

(डॉ. ऋतु विश्वकर्मा)
प्रभारी

(डॉ. ए.सी. जैन)
प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया

प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया
सागर (म.प्र.)

Scanned with OKEN Scanner

# निःशुल्क वैश्विक हार्टफुलनेस निबंध लेखन

## कार्यक्रम 2025

श्री रामचन्द्र मिशन एक लाभ निरपेक्ष शैक्षिक एवं आध्यात्मिक सेवा संस्था है। यह संस्था युवाओं में मौलिक, मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से योग्य 14 से 25 वर्ष के छात्रों को जो इस आयोजन में भाग लेना चाहते हों उन्हें प्रोत्साहित करते हुए इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित करती है। हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम श्री रामचन्द्र मिशन का प्रमुख कार्यक्रम है जिसका संचालन सन् 1993 से किया जा रहा है। सन् 2005 से यह संयुक्त राष्ट्र जनसूचना केन्द्र (भारत एवं भूटान) के साथ भागीदारी में आयोजित किया जा रहा है। सन् 2020 में पहली बार यूनेस्को एम.जी.आई.ई.पी. (महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन फॉर पीस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट) के सहयोग से वैश्विक स्तर पर इसका आरंभ किया गया।

निबंध लेखन कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है :–

1. (a) श्रेणी–1 (आयु 14–18 वर्ष) शब्द सीमा 500

   विषय– व्यक्तिगत विकास दूसरों की सहायता के बिना संभव नहीं है।

   (b) श्रेणी–2 (आयु 19–25 वर्ष) शब्द सीमा 750

   विषय– प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहना मानव विकास के लिए पूर्व अपेक्षित है।

2. (अ) निबंध जमा करने के लिये लिंक खुलने की तारीखः 01 अगस्त 2025

   (ब) निबंध जमा करने की अंतिम तारीखः 30 सितम्बर 2025

   (स) विजेताओं की घोषणा : 31 दिसम्बर 2025

3. निबंध जमा करने एवं अन्य जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **https://hfn.link/essayevent** पर जाएं।

## निबंध लिखने/जमा करने के लिए दिशा–निर्देश

इस विषय पर लेखकों द्वारा व्यक्त विचार उनके निजी (मौलिक) विचार होना चाहिए जो यह बतायें कि व्यक्तिगत रूप से वे इस विषय के बारे में क्या सोचते हैं। किताबों या इंटरनेट से किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी मान्य नहीं है। हम दिये गये विषय पर अपनी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त करने के लिए आपको आमंत्रित करते हैं।

A. अपना निबंध हिन्दी या अंग्रेजी में से किसी एक भाषा में लिखना होगा ए–4 साइज शीट पर काली या नीली स्याही से हस्तलिखित या कम्प्यूटर से प्रत्येक भाषा के लिए निर्धारित लिपि में टाइप किया जाकर पीडीएफ फाइल बनाकर उक्त दी गई लिंक पर जाकर अपलोड करना होगा। निबंध के प्रत्येक पृष्ठ पर प्रतिभागी का नाम, पिता का नाम, आयु, संस्था का नाम लिखा होना चाहिए।

B. आपको एक प्रतिभागी सूचना–पत्र भरना होगा जिसमें कुछ क्षेत्र अनिवार्य हैं और कुछ वैकल्पिक।

C. अपने भरे हुये प्रतिभागी पत्र को पहले पृष्ठ के रूप में स्कैन करें, उसके बाद निबंध को स्कैन करें और एक ही पीडीएफ फाइल के रूप में सेव करें। फाइल का साइज 3 MB से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

D. अपने आयु प्रमाण–पत्र की साफ्ट कॉपी को एक ही पीडीएफ फाइल बनाकर उक्त लिंक पर जाकर अपलोड करना होगा, फाइल का साइज 1 MBसे कम होना चाहिए।

E. लिंक पर जाने पर आपको एक प्रतिभागी सूचना–पत्र भरना होगा जिसमें कुछ क्षेत्र अनिवार्य (जिनपर * है) और कुछ वैकल्पिक (जिनपर * नहीं है)। इसके अलावा आपका ई–मेल भी भरना होगा, ई–मेल भरते ही एक वेरीफिकेशन कोड आपके ई–मेल पर ही आयेगा, इस वेरीफिकेशन कोड को एंटर करने के बाद ही आप अपना निबंध एवं मार्कशीट की पीडीएफ फाइल अपलोड कर पायेंगे।

Scanned with OKEN Scanner

F. आपके स्क्रीन पर सफलतापूर्वक निबंध जमा होने का संदेश दिखाई देगा जिसमें आपका एनरोलमेंट नंबर भी होगा, भविष्य में संदर्भ हेतु इस एनरोलमेंट नंबर को सेव कर लें। जमा होने पर प्रतिभागी को ईमेल भेजा जायेगा।

G. संस्था द्वारा निबंध जमा करनाः–

i. आयोजन में भाग लेने के इच्छुक सभी संस्थानों को अपने संस्थान का विवरण हमारी वेबसाइट (hfn.link/essayevent) पर पंजीकृत करना होगा।

ii. हमारी वेबसाइट पर पंजीकृत होने के बाद, पंजीकरण विवरण और छात्रों को निबंध जमा करने के लिए एक लिंक पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेजा जाएगा।

iii. निबंध जमा करने के लिए छात्रों को यह लिंक दिया जाए ताकि वे अपना निबंध अपलोड कर सकें।

iv. छात्र को अपनी संस्था के कार्यक्रम समन्वयक (इवेंट कोऑर्डिनेटर) से निबंध जमा करने का तरीका पूछना होगा।

v. अपना विवरण दर्ज करने के बाद निबंध जमा करने के लिए बताए गए लिंक का उपयोग करके स्कैन किए गए दस्तावेज को अपलोड करें।

vi. संस्थान छात्रों द्वारा भौतिक रूप से लिखे गए निबंध एकत्र कर सकता है और इंस्टीट्यूशन एडमिन लॉगिन का उपयोग करके छात्रों की ओर से निबंधों को स्कैन और अपलोड कर सकता है।

vii. संस्थान हमें essayevent@heartfulness.org पर लॉगिन क्रेडेंशियल का अनुरोध करते हुए लिख सकता है। संस्थान को एक लॉगिन क्रेडेंशियल प्रदान किया जाएगा जिसके माध्यम से संस्थान के ईमेल आईडी का उपयोग करके सभी निबंध प्रस्तुतियां जमा करने/प्रबंधित करने में समन्वयक को मदद मिलेगी।

H. यदि निबंध स्कूल/कॉलेज के द्वारा जमा किया जा रहा है तो सभी प्रतिभागियों के मेल–आईडी की जगह संस्था का मेल आईडी डालें।

I. अन्य कोई जानकारी अथवा कठिनाई होने पर आर.के. यादव मोबाइल नं. 7987150181 पर संपर्क करें।

## दोनों श्रेणियों के निबंधों के लिए पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र

1. प्रथम एवं द्वितीय विजेता– दोनों श्रेणियों में 12 अधिकृत भाषाओं में से प्रत्येक में प्रथम एवं द्वितीय विजेता को एक ट्राफी और प्रमाण–पत्र दिया जावेगा।
2. स्थान के के अनुरूप प्रमाण–पत्र–11 भाषाओं में से प्रत्येक में दोनों श्रेणियों में तीसरे से दसवें स्थान पर आने वाले निबंधों को स्थान के अनुरूप स्मरणार्थक वस्तु एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए जाएंगे।
3. योग्यता प्रमाण–पत्र–11 भाषाओं में से प्रत्येक में दोनों श्रेणियों में, चयन के अंतिम दौर के लिए निर्णायक समिति द्वारा चुनी गई सर्वश्रेष्ठ 10% प्रविष्टियों को, एक ई–मेरिट प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाएगा।
4. भागीदारी का प्रमाण–पत्र– दिशानिर्देशों के अनुसार भागीदारी मानदंड का पालन करने वाले सभी प्रतिभागियों को भागीदारी ई–प्रमाण–पत्र प्रदान किए जाएंगे।
5. प्रतिभागी संस्थाओं के लिए प्रशंसा प्रमाणन–

   स्वर्ण प्रशंसा प्रमाण–पत्र– जिन संस्थाओं द्वारा 300 से अधिक निबंध जमा किए गए।

   रजत प्रशंसा प्रमाण–पत्र– जिन संस्थाओं द्वारा 200 से अधिक निबंध जमा किए गए।

   कांस्य प्रशंसा प्रमाण–पत्र– जिन संस्थाओं द्वारा 100 से अधिक निबंध जमा किए गए।
6. निर्णायक समिति के पास प्रस्तुत निबंधों में से किसी को स्वीकार या अयोग्य घोषित करने का अधिकार होगा और उसका निर्णय अंतिम होगा।

Scanned with OKEN Scanner